प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.12.2022

# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर प्रतिदिन की भाति जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 06.12.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भाति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया ।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.12.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के नेतृत्व में कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस अधिकारी रहे भ्रमणशील, समुचित पुलिस प्रबन्ध करते हुये सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।

आज दिनांक 06.12.2022 को जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निकाले जा रहे जुलूस के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई, क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गयी, पुलिस अधीक्षक सुधा द्वारा किये गये समुचित पुलिस प्रबन्ध, जनपदीय पुलिस की चुस्ती व मुस्तैदी से जनपद में अमन चैन के साथ जुलूस को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।

जनपदीय मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, साथ ही आमजन से अपील की जा रही है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की जरूरत नहीं है, महोबा पुलिस शांति व सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.12.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 06.12.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार द्वारा गठित टीम अपराध निरीक्षक उमेश कुमार द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 270/21 धारा 363/366 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त रामकिशोर पुत्र लल्लू कुशवाहा उम्र करीब 24 वर्ष नि0मु0 गांधीनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा को बांदा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. अपराध निरीक्षक श्री उमेश कुमार
2. कां0 नईम मोहम्मद
3. कां0 करन सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रामकिशोर पुत्र लल्लू कुशवाहा उम्र करीब 24 वर्ष नि0मु0 गांधीनगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.12.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण एंव कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक 06.12.2022 को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा डॉ विपिन कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना कोतवाली महोबा क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील, मिश्रित तथा घनी आबादी वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर आमजन से संवाद स्थापित किया गया तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री हर्षिता गंगवार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।





महोबा पुलिस